आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 30.10.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में 25वें राज्य स्थापना दिवस की तैयारियां जोरों पर। पंतनगर विश्वविद्यालय में सात नवम्बर को होगा भव्य किसान सम्मेलन।
- देहरादून जिला पंचायत की पहली बोर्ड बैठक में कई प्रस्तावों को मंजूरी मिली।
- चंपावत जिले में आगामी निर्वाचन के मद्देनजर नए मतदाताओं के पंजीकरण कार्य को गति दी जा रही है।
- रुद्रप्रयाग के गुलाबराय मैदान में पांच दिवसीय सहकारिता मेले का शुभारंभ। स्थानीय उत्पादों को बाजार मिलने की उम्मीद।

रजत जयंती समारोह

उत्तराखंड राज्य गठन के 25 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह के अंतर्गत पहली से 9 नवंबर तक प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आगामी सात नवंबर को गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में किसान सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारियों और कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी की अध्यक्षता में पंतनगर विश्वविद्यालय सभागार में समीक्षा बैठक हुई। कृषि मंत्री ने अधिकारियों के साथ पंतनगर विश्वविद्यालय स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण भी किया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

जिला पंचायत बोर्ड बैठक

देहरादून जिला पंचायत की पहली बोर्ड बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष सुखविंदर कौर की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड बैठक में विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। पहली बोर्ड बैठक को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने कहा कि सभी जिला पंचायत सदस्यों में काफी उत्साह नजर आया।

बैठक में जिला पंचायत सदस्यों सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी उत्तरकाशी

उत्तरकाशी जिले में आमजन की शिकायतों के समाधान में हो रही देरी और संवेदनशीलता की लगातार उपेक्षा पर जिलाधिकारी प्रशान्त आर्य ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी फोन उठाकर सबसे पहले नागरिकों को अंतरिम राहत उपलब्ध कराएं और फिर स्थायी समाधान की दिशा में काम शुरू करें।

जिलाधिकारी कार्यालय से जारी आदेश में जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि फोन न उठाने के कारण लोगों को छोटी—छोटी शिकायतों और समस्याओं के निस्तारण के लिए अनावश्यक रूप से जिला व खण्ड मुख्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इससे न केवल सार्वजनिक समय की बबार्दी होती है, बल्कि प्रशासन की छवि और भरोसे पर भी असर पड़ता है। आदेश में कहा गया है कि यह रवैया अधिकारियों की आमजन की समस्याओं के प्रति असंवेदनशीलता को दर्शाता है, जिसे किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आदेश में चेतावनी दी गई है कि यदि भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति पाई जाती है, या फिर फोन न उठाने की शिकायतें प्राप्त होती हैं, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध उनके विभागाध्यक्ष या शासन को कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए संस्तुति भेजी जाएगी।

<u>एसएसपी नैनीताल</u>

नैनीताल जिले के नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टी.सी. ने कानून व्यवस्था को लेकर प्राथमिकता जताते हुए कहा कि महिला सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने जिले के पुलिस प्रमुख के रूप में विधिवत कार्यभार ग्रहण किया और अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने एसएसपी कार्यालय का निरीक्षण किया और शाखा प्रभारियों से मुलाकात कर टीम भावना के साथ दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस का लक्ष्य केवल अपराध नियंत्रण नहीं, बल्कि समाज में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण बनाना है। उन्होंने कहा कि नशा, साईबर ठगी और यातायात अव्यवस्था जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए नैनीताल पुलिस पूरी तत्परता से कार्य करेगी।

<u>मतदाता प्रशिक्षण</u>

चंपावत जिले में आगामी निर्वाचन के मद्देनजर नए मतदाताओं के पंजीकरण कार्य को गति दी जा रही है। इसी क्रम में, लोहाघाट स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी जीवन कलौनी ने प्रतिभागियों को मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया, पात्रता मानदंड और इसके महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, वे युवा जिनकी आयु 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई या 1 अक्टूबर 2025 तक 18 वर्ष पूरी हो रही है, वे फॉर्म—06 भरकर ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से अपने क्षेत्र के संबंधित बीएलओ के पास आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि प्रत्येक विद्यालय में निर्वाचक साक्षरता क्लब गठित किए गए हैं। ये क्लब ऐसे पात्र युवाओं की जानकारी बीएलओ को उपलब्ध कराएंगे, ताकि कोई भी योग्य मतदाता नामांकन से छूटे नहीं। कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों को वोटर हेल्पलाइन ऐप और वोटर्स सर्विस पोर्टल के माध्यम से नाम पंजीकरण, संशोधन और सुधार की प्रक्रिया के बारे में भी प्रशिक्षित किया गया।

सहकारिता मेला

रुद्रप्रयाग के गुलाबराय मैदान में पांच दिवसीय सहकारिता मेला शुरू हो गया है। मेले में कृषि, उद्यान, मत्स्य और डेयरी सहित कई अन्य विभागों ने अपने स्टॉल लगाएं हैं। स्थानीय विधायक भरत सिंह चौधरी ने मेले का उद्घाटन करते हुए कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और ग्रामीण विकास की आत्मा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से स्थानीय स्तर पर स्वयं सहायता समूह और अन्य स्थानीय लोगों को अपने उत्पादों के विपणन का मौका मिलता है। सहकारिता के सहायक निबंधक आर.एस राणा ने कहा कि इस मेले के माध्यम से जिले के महिला और युवक समूहों द्वारा तैयार जैविक उत्पाद, हस्तशिल्प, दुग्ध, पशुपालन और कृषि उत्पाद न केवल ग्रामीणों की आय बढ़ाएंगे, बल्कि रोजगार सृजन का बड़ा माध्यम भी बनेंगे। उन्होंने कहा कि यह मेला न केवल स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में सहायक होगा, बल्कि रुद्रप्रयाग की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी प्रदर्शित करेगा। मेले के पहले दिन सहकारिता विभाग ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय किसान कल्याण योजना के तहत स्वयं सहायता समूह, किसान और पशुपालकों को 37 लाख 60 हजार रुपये के चेक व माइक्रो एटीएम वितिरत किए।

जीएसटी

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा 22 सितंबर को कई क्षेत्रों में वस्तु और सेवाकर– जीएसटी दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हुई थी। आज, हम बात करेंगे कि कैसे परिधान और जूता क्षेत्र में नई जीएसटी दरों से नागरिकों को सहायता मिल रही है।